संचिका सं०–3/सी०एस०/एम०–03/2026 ..138.......

बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

प्रेषक,

अरविन्द कुमार चौधरी,
अपर मुख्य सचिव।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,
जिलों के सभी प्रभारी सचिव,
पुलिस महानिदेशक, बिहार,
सभी प्रमंडलीय आयुक्त,
सभी क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक,
सभी जिलाधिकारी,
सभी वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक।

पटना–15, दिनांक–22.01.2026

विषय : माननीय मुख्यमंत्री की **द्वितीय चरण** की जिलावार **'समृद्धि यात्रा'** कार्यक्रम के संबंध में।

महाशया/महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि माननीय मुख्यमंत्री की दिनांक–27.01.2026 से दिनांक–29.01.2026 तक राज्य में **द्वितीय चरण** की जिलावार **'समृद्धि यात्रा'** कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। यात्रा के दौरान निम्नांकित कार्यक्रम किये जायेंगे :–

1. प्रगति यात्रा एवं सात निश्चय से संबंधित योजनाओं तथा जिले की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का स्थल निरीक्षण।
2. जिले की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास/उद्‌घाटन/कार्यारंभ।
3. जन संवाद कार्यक्रम।
4. जिलास्तरीय योजनाओं की समीक्षा बैठक।

'समृद्धि यात्रा' के **द्वितीय चरण** का कार्यक्रम निम्नवत् है :–

क्र०	तिथि	दिन	जिला का नाम
1.	27.01.2026	मंगलवार	मधुबनी
2.	28.01.2026	बुधवार	दरभंगा
3.	29.01.2026	वृहस्पतिवार	समस्तीपुर

संबंधित जिला पदाधिकारी इस कार्यक्रम हेतु ससमय सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करेंगे। योजनाओं के स्थल निरीक्षण के समय संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव उपस्थित रहेंगे।

समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक तथा निर्धारित विषयों से संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव उपस्थित रहेंगे। अपरिहार्य स्थिति में विभाग के दूसरे वरीयतम पदाधिकारी बैठक में भाग लेंगें। संबंधित जिला की विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की पूर्व से ही समीक्षा कर ली जाय।

समीक्षा से संबंधित प्रपत्र संलग्न करते हुए अनुरोध है कि **'समृद्धि यात्रा'** के दौरान निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संबंधित सभी पदाधिकारी पूर्ण तैयारी के साथ ससमय उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन

22/1/2026

(अरविन्द कुमार चौधरी)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–3/सी०एस०/एम०–03/2026 /138...../पटना–15, दिनांक–22.01.2026

प्रतिलिपि–मुख्य सचिव, बिहार/विकास आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/1/2026

(अरविन्द कुमार चौधरी)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–3/सी०एस०/एम०–03/2026 /138...../पटना–15, दिनांक–22.01.2026

प्रतिलिपि–सभी मंत्रीगण के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/1/2026

(अरविन्द कुमार चौधरी)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–3/सी०एस०/एम०–03/2026 /138...../पटना–15, दिनांक–22.01.2026

प्रतिलिपि–मुख्यमंत्री, बिहार के प्रधान सचिव/सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

22/1/2026

(अरविन्द कुमार चौधरी)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–3/सी०एस०/एम०–03/2026 /138....../पटना–15, दिनांक–22.01.2026

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

22/1/2026

(अरविन्द कुमार चौधरी)
अपर मुख्य सचिव